समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
एम पी ई डी ए भवन, पनंपिल्ली एवन्यू
डाक पेटी सं. 4272, कोच्ची - 682 036, भारत

**The Marine Products Export Development Authority**
(Ministry of Commerce & Industry, Govt. Of India)
MPEDA House, Panampilly Avenue,
P.B. No. 4272, Kochi-682 036. India

फोन / Phone : 2311979, 2311901, 2311854, 2311803, 2313415, 2314468, 2315065
फाक्स / Fax : 91-484-2313361
E-mail : ho@mpeda.gov.in
Website : www.mpeda.gov.in

**प्रेस विज्ञप्ति नोट**

# वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का समुद्री खाद्य निर्यात 8.46 बिलियन यूएस डॉलर

- प्रशीतित श्रिम्प निर्यात का मुख्य वस्तु
- यूएसए, चीन शीर्ष आयातक

**कोच्चि, 01-06**: समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अध्यक्ष श्री पी. जवहर, भाप्रसेके अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 19,72,018 मीट्रिक टनसमुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात किया, जिसका मूल्य 73,890.46 करोड़रुपए (8.46 बिलियनयूएस डॉलर) रही। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, मात्रा और मूल्य दोनों ही दृष्टि से यह सर्वाधिक निर्यात है। प्रशीतितश्रिम्प मात्रा और मूल्य दोनों ही दृष्टि में निर्यात की शीर्ष वस्तु रही, जबकि यूएसएऔर चीन भारतीय समुद्री खाद्य पदार्थों के प्रमुख आयातक बनकर उभरे।

समुद्री खाद्य निर्यात में प्रशीतीतश्रिम्प सबसे अग्रणी उत्पाद बनी रही, जिससे 49,037.93 करोड़ रुपए(5,624.48 मिलियनयूएस डॉलर) की कमाई हुई। समुद्री खाद्य निर्यात से प्राप्त कुल मात्रा में इसका योगदान 40.19% और कुल यूएस डॉलर आय में 66.52% रहा। इस अवधि के दौरान, श्रिम्प के निर्यात में रुपएमूल्य के हिसाब से 13.16% और यूएस डॉलरमूल्य के हिसाब से 8.64% की वृद्धि दर्ज की गई।

वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान, प्रशीतितश्रिम्प का कुल निर्यात 7,92,647 मीट्रिक टनरहा। सबसे बड़े बाजार के रूप में, यूएसएने 2,56,128 मीट्रिक टनप्रशीतितश्रिम्प का आयात किया। इसके बाद चीन ने 1,69,505 मीट्रिक टन, यूरोपीय संघ ने 1,35,599 मीट्रिक टन, दक्षिण पूर्व एशिया ने 83,810 मीट्रिक टन, जापान ने 40,776 मीट्रिक टन, मध्य पूर्व ने 30,478 मीट्रिक टन, और अन्य सभी देशों ने मिलकर कुल 76,351 मीट्रिक टनका आयात किया। एल. वन्नामेईऔर ब्लैक टाईगरश्रिम्प के निर्यात में मात्रा और मूल्य दोनों के संदर्भ में वृद्धि देखी गई है।

प्रशीतितमछली, जो निर्यात की दूसरी सबसे बड़ी वस्तु है, से 5,658.37 करोड़ रुपए(643.70 मिलियनयूएस डॉलर) की आय हुई। सूखे उत्पादों, जो निर्यात किए जानेवाले वस्तुओं का तीसरा सबसे बड़ा समूह है, ने 5,079.09 करोड़ रुपए(577.44 मिलियनयूएस डॉलर) की कमाई की और रुपए के मूल्य के हिसाब से निर्यात में 78.05% की सकारात्मक वृद्धि दिखाई।

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
एम पी ई डी ए भवन, पनंपिल्ली एवन्यू
डाक पेटी सं. 4272, कोच्ची – 682 036, भारत

The Marine Products Export Development Authority
(Ministry of Commerce & Industry, Govt. Of India)
MPEDA House, Panampilly Avenue,
P.B. No. 4272, Kochi-682 036. India

फोन / Phone : 2311979, 2311901, 2311854, 2311803, 2313415, 2314468, 2315065

फाक्स / Fax : 91-484-2313361

E-mail : ho@mpeda.gov.in
Website : www.mpeda.gov.in

प्रशीतितस्क्विड का निर्यात 1,02,060 मीट्रिक टनतक पहुँच गया, जिससे 4,493.80 करोड़ रुपए(513.84 मिलियनयूएस डॉलर) की कमाई हुई। वहीं, प्रशीतितकटलफिश के निर्यात में मात्रा और मूल्य दोनों में वृद्धि हुई; मात्रा में 13.32% और डॉलर मूल्य में 16.25% की वृद्धि हुई, और कुल निर्यात 67,157 मीट्रिक टनरहा, जिसका मूल्य 331.96 मिलियनयूएस डॉलर था।

शीतितवस्तुओं के निर्यात से 622.31 करोड़ रुपए(71.27 मिलियनयूएस डॉलर) की कमाई हुई। जीवित वस्तुओं के निर्यात में डॉलर मूल्य के हिसाब से 11.46% की वृद्धि (62.43 मिलियनयूएस डॉलर)देखी गई।

विदेशी बाजारों के संदर्भ में, यूएसएभारतीय समुद्री खाद्यपदार्थों का अग्रणी आयातक बना रहा; जहाँ20,263.27 करोड़ रुपए(2,328.74 मिलियनयूएस डॉलर) मूल्य और कुल 279,193 मीट्रिक टन मात्रा कीसमुद्री उत्पादों का आयात किया गया। यूएस को होने वाले निर्यात में रुपए के मूल्य के हिसाब से 10.82%, डॉलर मूल्य के हिसाब से 14.22%, और मात्रा के हिसाब से 19.51% की कमी देखी गई। यूएसए द्वारा भारत से आयात किए गए समुद्री खाद्य में, प्रशीतितश्रिम्प का डॉलर मूल्य में93.55% का सर्वाधिक योगदान रहा।

मात्रा के हिसाब से चीन भारत से समुद्री खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा गंतव्य स्थान बनकर उभरा; जो कि4,90,369 मीट्रिक टनसमुद्री खाद्य आयात किया, जिसका मूल्य 1,611.32 मिलियनयूएस डॉलर था। डॉलर मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ तीसरा सबसे बड़ा आयातक बना रहा; जहाँ2,97,518 मीट्रिक टनसमुद्री खाद्य का आयात किया, जिसका मूल्य1,592.09 मिलियनयूएस डॉलर था। इसके बाद मूल्य के हिसाब से दक्षिण-पूर्व एशिया का स्थान रहा; जहाँ4,51,756 मीट्रिक टनसमुद्री खाद्य का आयात किया, जिसका मूल्य 1,348.97 मिलियनयूएस डॉलर था। मूल्य के हिसाब से जापान पाँचवाँ सबसे बड़ा आयातक बना रहा, जहाँ1,05,228 मीट्रिक टनमाल का आयात किया, जिसका मूल्य 452.91 मिलियन यूएस डॉलरथा। मध्य पूर्व मूल्य के हिसाब से छठा सबसे बड़ा गंतव्य है, जिसने 76,743 मीट्रिक टनमाल का आयात किया, जिसका मूल्य 283 मिलियन यूएस डॉलर था।

समुद्री खाद्यमाल को संभालने वाले शीर्ष तीन बंदरगाह विशाखपत्तनम, जेएनपीटीऔर कोच्चि रहे।